आकाशवाणी चंडीगढ़

10 मई 2025, समय 1810

- भारत और पाकिस्तान गोलीबारी और सैन्या कार्रवाई रोकने पर सहमत हुए।
- भारतीय सशस्त्र बलों ने, पाकिस्तान हमलों का माकूल जवाब दिया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है।

*********************************************************************

भारत और पाकिस्तान गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत के बाद यह सहमति बनी। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने आज दोपहर बाद इस संबंध में बातचीत शुरू की जिसके बाद विचार-विमर्श शुरू हुआ। किसी अन्य स्थान पर किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

*********************************************************************

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री कंवरदीप कौर ने अभी तक कोई तत्काल खतरा या हवाई हमले की चेतावनी नहीं है। हालांकि कोई अलर्ट होगा तो जारी किया जाएगा। आज एक पत्रकार वार्ता में उपायुक्त ने चंडीगढ़ निवासियों से स्वेच्छा से रात 9 बजे के बाद घर के अंदर रहने का अनुरोध किया। उन्होंने दुकानों, मॉल, क्लब, होटल और रेस्तरां सहित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी स्वैच्छिक आधार पर रात 9 बजे तक बंद करने का आग्रह किया।
उपायुक्त ने कल भी 7 बजे के बाद नागरिकों द्वारा अपनी इच्छा से ब्लैक आउट रखने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप और केमिस्ट शॉप जैसी आवश्यक सेवाओं को सामान्य रूप से संचालित करने की अनुमति है। और जो लोग आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी या लाभ उठाकर स्थिति का फायदा उठाते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है।उन्होंने कहा कि सभी कदम सिर्फ एहतियात के तौर पर उठाए जा रहे हैं। सरकार जन सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने वर्तमान हालातों के मद्देनजर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों सहित प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक के बाद यह जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खाद्य सामग्री, दवाइयां, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है, इसलिए नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और जमाखोरी से बचें।

सरकार हर स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को रोकने हेतु सभी उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जनता के लिए जारी की जाने वाली सभी सूचनाओं और समाचारों को सत्यापित करके ही जारी करने को कहा गया है।उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के लिए एक विशेष पोर्टल विकसित करने को कहा गया है, जिस पर नागरिक और भूतपूर्व सैनिक स्वयंसेवकों के तौर पर अपना पंजीकरण करवा सकें, ताकि आपात स्थिति में वे अपने कौशल के अनुसार सेवाएं दे सकें।

**********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********************************************************************

भारतीय सशस्त्र बलों ने, पाकिस्तान की लगातार बढ़ती और भड़काऊ कार्रवाइयों के जवाब में उसके तकनीकी बुनियादी ढांचे, कमान नियंत्रण केंद्र, रडार साइटों और हथियार भंडारण क्षेत्रों सहित सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं।

आज नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

*पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को जानबूझकर निशाना बनाने के पश्चात भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी हमले के टेक्निकल इंस्टालेशन कमान एंड कंट्रोल सेंटर रडार साइट और हथियार भंडार को चुनकर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, ्रहमियार खान, सुकूर और चुनिया स्थित पाक सैन्य ठिकानों पर एयर लॉन्चड स्टीक हथियारों, लड़ाकू जेट से प्रहार किए गए। पसूर सहित रडार साइट और सियालकोट का एविएशन बेस भी प्रसीजन एम्युनेशन से टारगेट किए गए। इन कार्रवाइयों के दौरान भारत ने कम से कम कोलेटरल डैमेज की क्षति सुनिश्चित की।*

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों की ओर बढ़ते देखा गया है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान स्थिति को और बिगाडना चाहता है। भारत ने जोर देकर कहा कि भारतीय सशस्त्र बल तत्परता के साथ जवाब देने के लिए तैयार हैं।

*पाकिस्तान सेना के अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों की डिप्लॉयमेंट बढ़ती दिख रही है, जो स्थिति को और भड़काने की मंशा दर्शाती है। भारतीय सशस्त्र बल पूर्ण परिचालन तत्परता की स्थिति में है। अभी तक सभी शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों का प्रभावी ढंग से सामना कर उपयुक्त जवाब दिया गया है। भारतीय सशस्त्र बल दोहराते हैं कि वे तनाव वृद्धि नहीं चाहते। बशर्ते, पाकिस्तान भी ऐसा ही व्यवहार करें।*

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है और भारत ने इन हमलों को प्रभावकारी तरीके से नाकाम कर दिया है।

कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने श्रीनगर से लेकर छलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश की।

*पाकिस्तान सेना ने पूरी पश्चिम मोर्चे पर लगातार आक्रामक गतिविधियां जारी रखी। उसमें यूकैप ड्रोन्स, लॉन्ग रेंज वैपन्स, लॉटरिंग एम्युनेशन और लड़ाकू विमानों का उपयोग कर भारतीय सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। नियंत्रण रेखा पर भी ड्रोन घुसपैठ और भारी कैलिबर हथियारों से गोलाबारी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर श्रीनगर से नलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई घुसपैठ के प्रयास किए गए। भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया।*

कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने हाई-स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल कर स्वास्थ्य केन्द्रों और स्कूलों को भी निशाना बनाया।

प्रेस वार्ता के दौरान, भारत ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए अपने हवाई ठिकानों के ताजा चित्र भी जारी किए। कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सरकार ने झूठा दावा किया था कि उसने अपनी हथियार प्रणालियों से सिरसा और सूरतगढ़ वायु केंद्रों को निशाना बनाया।

*पाकिस्तान मिस इंफोरमेशन का सहारा लेते हुए आदमपुर स्थित एस-400 प्रणाली सूरतगढ व सिरसा के हवाई अड्डों, नगरोटा के ब्रह्मोस बेस, दोरागरी के तोपखाना पॉजीशन तथा चंडीगढ़ के अग्रिम गोलाबारूद डिब्बों को नष्ट करने के झूठे दावे सोशल मीडिया पर फैलाए। भारत इन फॉल्स नरेटिव्स को पूर्णत: खारिज करता है।*

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान की उकसाने वाली कार्रवाई तनाव बढ़ाने वाली है और भारत ने इसका संयमित तरीके से जवाब दिया। विदेश सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान ने नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने का अपना घृणित और मनमाना अभियान जारी रखा है, खासकर जम्मू-कश्मीर और पंजाब राज्यों में।

विदेश सचिव ने धार्मिक स्थलों पर मिसाइल हमलों के पाकिस्तान के दावों को भी निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। श्री मिसरी ने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारी भी भारत द्वारा श्री अमृतसर साहिब पर मिसाइल दागने के बारे में हास्यास्पद दावे करना जारी रखते हैं क्योंकि भारत को विभाजित करने के ये बेकार प्रयास विफल होने के लिए अभिशप्त हैं।

**********************************************************************

चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा है कि आज टैगोर थिएटर और तिरंगा अर्बन पार्क में लगभग 3,000 व्यक्तियों ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन कराया है। उनका बैच-वार प्रशिक्षण जल्द ही शुरू होगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवकों की तैनाती की जा सकेगी। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाएगा।